5 नवभारत
नागपुर प्लस
नागपुर, 14 फरवरी 2020

80 माडल्स बन रहे आकर्षण

RSC में रमन इनोवेशन महोत्सव का शुभारंभ

महानगर संवाददाता

नागपुर. वर्तमान में इनोवेशन समाज की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण हो गया है. नये व अभिनव उत्पाद लोगों के जीवन स्तर को बढ़ाते हैं. इनोवेशन से ही व्यवसाय की पद्धति में भी बदलाव आया है. वैश्वीकरण व स्पर्धा के कारण उत्पादन की कार्यक्षमता व कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए सतत रूप से दबाव रहता है. रमन विज्ञान केंद्र के नवप्रवर्तन केंद्र के वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार से रमन नवप्रवर्तन महोत्सव का शुभारंभ हुआ.

उद्घाटन प्रियदर्शिनी इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्य विवेक नानोटी के हाथों हुआ. इसमें छात्रों के लिए अभिनव प्रकल्प स्पर्धा रखी गई है. स्कूल-कालेजों के विज्ञान व अभियांत्रिकी संकाय के 200 छात्र के 80 माडल्स प्रस्तुत किए गए हैं. वहीं स्टार्टअप अभियान के अंतर्गत विविध कारीगरों द्वारा तैयार अभिनव कलाकृतियों को भी रखा जाएगा. महोत्सव में एक ओर जहां सोलर एनर्जी पर चलने वाली कार आकर्षण का केंद्र बनी हुई है. वहीं आटोमेटिक दोसा मेकिंग मशीन और उसकी तकनीक देखकर लोग अभिभूत हो रहे है. व्हीलचेयर को स्ट्रेचर में कैसे तब्दील किया जाता है, यह भी महोत्सव में देखने को मिलेगा. कई जगह आग बुझाने के लिए पानी का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता. इन जगहों पर आग बुझाने के लिए गोलों का इस्तेमाल किया जा सकता है. एक माडल इसी तकनीक पर आधारित है. प्रायः गाड़ियों में पेट्रोल डालते वक्त पंप पर लगे मीटर को देखते हैं. लेकिन सही मायने में गाड़ी में कितना पेट्रोल है, यह देखने के लिए बनाया गया उपकरण भी महोत्सव में रखा गया है. आम लोगों के लिए महोत्सव 15 फरवरी तक शुरू रहेगा. यहां आने वालों के लिए प्रवेश निःशुल्क है.